हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 जून 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# सप्ताहभर के भीतर दूसरी दस्तक, राइस मिलर के ठिकाने पर ईडी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में जारी ईडी की कार्रवाई के दायरे में राजनांदगांव के राईस मिलर्स भी आ गए हैं। बीते दिनों जिला राईस मिल के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के साथ ही अभिनव साहू के घर ईडी की कार्रवाई के बाद अब गुरुवार को एक और राईस मिलर पर कार्रवाई की गई है। शहर के अनुपम नगर निवासी संतोष अग्रवाल के घर दस्तक देकर जांच पड़ताल की है। सूत्रों की माने तो यह पूरी कार्रवाई राशन घोटाले को लेकर की जा रही है।



उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले में लगातार ईडी की धमक बनी हुई है। बीते दिनों जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र के राईस मिलर के घर पर कार्रवाई के बाद आज ईडी की टीम राजनांदगांव शहर पहुंची। यहां भी ईडी की टीम ने राईस मिल कारोबारी के ठिकाने पर जांच पड़ताल की है। लगातार हो रही कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा कि जिले के छुरिया क्षेत्र में संचालित राईस कारोबारी के संतोष अग्रवाल के घर ईडी की टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की है। सुबह से ही यहां भारत सरकार लिखे दो वाहनों में ईडी की टीम पड़ताल के लिए पहुंची हुई है। राईस मिलरों के ठिकानों पर लगातार ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई से किस बड़े मामले का खुलासा होने की संभावना बनी हुई है।

## दो वाहनों में आई टीम

मिली जानकारी के अनुसार दो वाहनों में करीबन आधा दर्जन से अधिक ईडी से जुड़े अफसर और कर्मचारियों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। गुरुवार सुबह ईडी की टीम ने अनुपम नगर संतोष अग्रवाल के घर में दबिश दी, जहां उनसे पूछताछ करने के साथ ही कागजों की भी जांच पड़ताल की गई। सूत्रों की माने तो इससे पहले दो राईस मिलर के घरों में हुई कार्रवाई के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर इस कार्रवाई का होना भी बताया जा रहा है।

# अवैध रूप से बाइक में शराब ले जाते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने के मामले में आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई अभियान छेडा गया है। जिसके तहत एक आरोपी से 45 पौवा देशी शराब संत्री महाराष्ट्र निर्मित बरामद कर कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा टीपनगढ़ से धोबाटोला मार्ग में आरोपी दिनेश कुमार पटेल के कब्जे से 45 नग पाव देशी दारू संत्री महाराष्ट्र कुल मात्रा 8.100 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन प्लेटिना पर परिवहन करते जब्त किया गया।

## हुई कार्रवाई

आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजामनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं स्टाफ निजाम शाह ठाकुर, नागेश निषाद, अनिल सिन्हा शामिल थे।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न,
• धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## खबर संक्षेप



### नीट के सफल विद्यार्थियों से मिले जंघेल

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने नीट परीक्षा मे सफलता प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों के निवास पहुचकर शुभकामनाएं दी। श्री जंघेल ने घुमका की साक्षी वर्मा पिता केशव वर्मा, साल्हेकला के सरवन जंघेल्की पुत्री अन्नू जंघेल और पुत्र आर्य जंघेल से मिल क़र बधाई दिया। इस मौके पर पूर्व डिप्टी कलेक्टर मनहरण जंघेल, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, लेखराम शिवहरे, ओमप्रकाश जंघेल, उमेश जंघेल उपस्थित थे।

### विश्व स्तरीय चिकित्सकों की सेवाएं अब राजनांदगांव में

**राजनांदगांव।** आमतौर पर राजनांदगांव में किसी भी गंभीर समस्या बीमारी के इलाज एवं परामर्श हेतु ज्यादातर लोग रायपुर एवं अन्य बड़े शहर की तरफ जाते हैं। जिसका मुख्य कारण विश्व स्तरीय एवं वरिष्ठ चिकित्सकों का अभाव है, परंतु अब किसी भी गंभीर बीमारी एवं उसके परामर्श उपचार हेतु बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि राजनांदगांव मेडिकोज सतनाम भवन नया बस स्टैंड के पास जीई रोड में विश्व स्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सकीय सुविधा हेतु उपलब्ध होंगे।

जिनमें प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन राम दारूका एवं डॉ. रेखराज साहू, किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके साहू, नस मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग के विशेषज्ञ, डॉ.कुलदीप सिंह, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ.नमन पिंचा, हड्डी एवं जॉइंट रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग चंद्राकर तथा चर्म रोग, बाल, नाखून एवं गुप्त रोगों की विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे।

### शहर के बाहर से गुजरेंगे भारी वाहन

# महापुराण कथाः यातायात विभाग अलर्ट, भारी वाहनों का रूट डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर में पहली बार कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा शिव महापुराण कथा का वाचन करने आ रहे हैं। यह कार्यक्रम आगामी 18 जून से आयोजित है। कार्यक्रम की विशालता को देखते हुए आयोजन समिति व्यापक तैयारियों में जुटी है। कथा में शामिल होने आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को सहुलियत देने के लिए प्रशासन भी इंतजाम कर रहा है। गुरुवार को जिला यातायात विभाग ने रूट चार्ट जारी किया है।बड़े वाहनों को कथा स्थल से दूर रखने के लिए मार्ग को डायवर्ट किया है।

उल्लेखनीय है कि आगामी 18 से 24 जून तक स्वामी आत्मानंद स्कूल के बाजू स्थित गोंडवाना मैदान में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लाखों भक्तों के शामिल होने की संभावना है। अधिकांश लोग निजी वाहनों से आना-जाना करते हैं जिसे देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था पर यातायात पुलिस विशेष ध्यान दे रही है, ताकि किसी को असुविधा न हो। आमजन को ट्रैफिक में परेशानी न हो, इसके लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी किया गया है।

## लंबा सफर पैदल तय करना पड़ेगा लोगों को




### दुर्ग-भिलाई से आने पर

धमधा, दुर्ग, भिलाई, परपोडी की ओर से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहन अग्रवाल पेट्रोल पंप एवं एचपी गैस के पास स्थित श्रीमंगलम वस्त्रालय के बाजू स्थित मैदान में पार्क करेंगे। यहां से लगभग 1 से 1.5 किमी पैदल चलकर कथा स्थल तक पहुंचेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान की ओर से आने वाले शासकीय कॉलेज एवं सब्जी मंड़ी में वाहन पार्क करेंगे और लगभग 2 किमी चलकर कथा स्थल तक पहुंचेंगे।

### कवर्धा रूट के लिए यह प्लान

कवर्धा, लोहारा, बिरोडा की ओर से आने वाले नदिया एवं लिमो के बीच स्थित आम बगीचा सहित ग्राम ढाबा एवं ग्राम बुढासागर में पार्क करेंगे और लगभग 5 किमी पैदल चलकर कथा स्थल तक आएंगे। यदि कोई कथा स्थल नहीं जाना चाहता है और राजनांदगांव से कवर्धा की ओर यात्रा कर रहा हैं तो गंडई से 10 किमी पहले मुख्य मार्ग पर स्थित कुकुरमुड़ चौक से भरदा गोंड वाले मार्ग पर जाएंगे और विचारपुर, बुंदेली, जोम, तेंदूभांठा, उदान होते हुए दनिया पहुंचेंगे। बाईपास सड़क नवागांवखुर्द, छीराहीडीह, कोंगियाकला, ढाप, चोरभट्ठी, बिरनपुर, मोहगांव, बीजाबैरागी, जंगलपुर से होते हुए बिडोरा चौक से कवर्धा मुख्य मार्ग पकड़ेंगे।

# सरकारी जमीन पर जबरन मकान निर्माण

## न्यायालय ने जारी किया स्थगनादेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

भालुकोन्हा से अउरदा मुख्य मार्ग पर स्थित शासकीय जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है। अतिक्रमणकारी कीमती ज़मीनों को घेरने के साथ निजी स्वामित्व की कृषि भूमि को घेरकर मकान निर्माण किया जा रहा है। निजी स्वामित्व के भू स्वामी की शिकायत के बाद प्रशासन ने अवैध कब्जाधारियों को नोटिस देकर कार्रवाई शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम अउरदा की बस्ती से लगी लगभग 5 एकड़ जमीन जो कृषि व व्यवसायिक प्रयोजनों के लिए प्रस्तावित है के सामने स्थित जमीन पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में भू स्वामी ने तहसीलदार से शिकायत किया था। तहसील न्यायालय ने अनावेदक परमानंद केंवट, मोतीराम केंवट, गोकुल यादव, संतोष गोंड और रमेश केंवट को नोटिस जारी कर निर्माण बंद करने के निर्देश दिया था। न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर निर्माण जारी रखने की शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने थाना प्रभारी के माध्यम से निर्माण बंद करा दिया है।

# स्कूल की जमीन 5 लाख में पांच साल के लिए नीलाम



**घुमका।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला की 11 एकड़ कृषि भूमि को 5 वर्षों के लिए 5 लाख 30 हजार में बुधवार को सरपंच फूलमती वर्मा की उपस्थिति में नीलाम किया गया। उच्चतम बोली पूर्व जनपद सदस्य चंद्र वर्मा ने लगाया था। नीलामी के लिए प्राचार्य प्रशांत बंजारे ने 2 सदस्य वाली टीम गठित किया था। प्रशांत बंजारे ने कहा कि कृषि भूमि से प्राप्त आय का उपयोग कर स्कूल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा। सरपंच वर्मा ने प्राचार्य बंजारे के विचारों पर सहमति जताते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के अलावा शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा। नीलामी के दौरान जय कुमार वर्मा, चंद्रेश वर्मा, सोमेश्वरी वर्मा, उत्तम वर्मा, ईश्वरी पटेल, गुमान साहू, दुधारू वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सांसद का नगर आगमन आज

**डोंगरगांव।** नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय का कल 14 जून को नगर आगमन हो रहा है। जनता का



आभार जताने आ रहे श्री पाण्डेय के स्वागत के लिए भाजपा तथा समस्त विंगों ने व्यापक तैयारियां की। वह यहां नगर भ्रमण के बाद पुराना बस स्टैण्ड में सभा को संबोधित करेंगे। मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि दूसरी बार निर्वाचित सांसद श्री पाण्डेय का शुक्रवार को शाम 5 बजे चौकी मार्ग से आगमन होगा। सर्वप्रथम उनका फव्वारा चौक में स्वागत किया जाएगा। वह नागरिकों का आभार जताने के लिए नगर भ्रमण करेंगे। शाम 6 बजे पुराना बस स्टैण्ड में आभार सभा का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, चुनाव प्रभारी दिनेश गांधी, नीलू शर्मा आदि उपस्थित रहेंगे। मंडल भाजपा महामंत्री संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, मीडिया प्रभारी लोकेश यदु ने पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

# दिक्कतें सुनकर विधायक ने हल करने दिया अफसरों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



लंबे अरसे बाद कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने मोंगरा कालोनी स्थित निवास कार्यालय में दरबार लगाकर जन समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण करने निर्देशित किया। इस दौरान शहर और विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओ को रखा। इस दौरान सर्वाधिक शिकायत राजस्व विभाग को लेकर मिली। ग्रामीणों ने सीमांकन, नामांतरण, रिकार्ड दुरुस्तीकरण में लेट लतिफी करने को लेकर पटवारियों की शिकायत की। विधायक साहू ने पटवारियों को सीधे तलब करते हुए किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने के निर्देश दिया। शहर के लोगों ने नाली, सड़क निर्माण, पोल विस्तार आदि मांगों को विधायक के समक्ष रखा जिसे त्वरित हल करते हुए विधायक ने मंजूरी देने के साथ प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष ललित लोढा, अखिलेश नखत, पार्षद वैशाली बोरकर, राजाराम पंचारी, मुरली निषाद आदि मौजूद थे।

# आयुक्त ने वार्डों में सफाई व निर्माण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम का वार्ड भ्रमण अभियान प्रतिदिन जारी है। भ्रमण में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ सुबह साफ-सफाई एवं वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण की कड़ी में उन्होंने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उपअभियंता अशोक देवांगन व अनुप पांडे, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी के साथ वार्ड नं. 18 व 19 के ममता नगर, वर्धमान नगर, 18 एकड़ क्षेत्र में साफ-सफाई व निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठा. प्यारेलाल स्कूल परिसर में स्थित ग्रंथालय का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किए। आयुक्त गुप्ता 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। उनहोंने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि घर में ही कचरा पृथक करने लोगों को समझाईस दें एवं शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने पूनम कॉलोनी, ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सफाई कर्मियों से चर्चा कर हाजिरी रजिस्टर चेक किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर निर्धारित समय तक कार्य करने, सड़कों व गलियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क में मलमा व निर्माण सामग्री रखने पर मलमा मंडप के तहत कार्रवाई करें।

### समय पर पूरा करें निर्माण

आयुक्त गुप्ता विकास कार्यों के निरीक्षण में वार्ड नं. 18 के ममता नगर गली नं. 5 में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नाली निर्माण, महाराजा सेल के बाजू गली में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण, अन्नपूर्णा समुदायिक भवन के पास भवन व उद्यान निर्माण के अलावा वार्ड नं. 19 हनुमान मंदिर आंबेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन व सौंदर्यीकरण कार्य तथा वर्धमान नगर में नाली निर्माण, शक्ति नगर में सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शक्ति नगर में खराब सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण को तोडकर पुनः किए जा रहे रोड निर्माण का जायजा लेकर शेष कार्य गुणवत्ता के साथ कराने तथा कार्य की मानिटरिंग करने के निर्देश तकनीकी अधिकारियों को दिए। निरीक्षण की अंतिम कडी में आयुक्त गुप्ता ठा. प्यारेलाल स्कूल परिसर में स्थित ग्रंथालय का जायजा लिया और ग्रंथालय में आने वाले पाठकों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रजिस्टर मेंटेन करें, जिसमें प्रतिदिन आने वाले पाठकों की जानकारी हो, इसके अलावा पाठकों की सुविधा का भी ध्यान रखें। उन्होंने विद्युत व्यवस्था, पानी तथा बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रतियोगी पुस्तकें उपलब्ध कराएं, उनकी सुविधा अनुसार ग्रंथालय खुली रखे।

# डेढ़ साल से बुनकर सोसाइटी भवन अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

क्षेत्र के गौरव और बुनकरों को समृद्ध बनाने में अहं भूमिका निभा रही छुईखदान बुनकर सोसायटी के बुनकरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरिश देवांगन की पहल और विधायक यशोदा वर्मा की सजगता से कई सुविधा मिली है।

आजादी के बाद शहर में स्थापित बुनकर सोसायटी के कारीगर अपने हुनर से अपनी एक अलग पहचान कायम करने में कामयाब रहे है। आधुनिकता की दौड़ में यहां नए कारीगर और नए लुम से कपडों को अब नया रूप प्रदान किए जाने लगा हैं जिसकी प्रदेश से लेकर फेब इंडिया तक डिमांड रही है। यहां के कपड़े विदेशों में भी जाने लगे है जिसे देखते हुए यहां नए भवन का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय बुनकरों की सुविधा को देखते हुए सामान्य सुविधा केन्द्र फेस 1 छुईखदान अधोसंरचना के निर्माण कार्य लगभग सवा दो करोड़ की लागत से हो रहा है। अनुमानित लागत 2 करोड़ 26 लाख है। डेढ़ साल बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है।



### सूचना बोर्ड गायब

विभागीय नियम के तहत कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य है लेकिन इस निर्माणाधीन बिल्डिंग में फ्लेक्स चिपका दिया गया है जिससे आमजनों को जानकारी ठीक से नहीं मिल पा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि निर्माण में हो रही अनियमितता में अधिकारी कार्यवाही नहीं करते है तो बुनकर समिति के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से शिकायत किया जाएगा।

### अधिकारी नहीं रहते

जानकारी के अनुसार कार्य स्थल पर कोई विभागीय अधिकारी नहीं रहता जिससे यह पूछा जा सके कि कब तक यह निर्माण कब तक पूरा होगा। जानकारी के अनुसार कार्यादेश 26 अक्टुबर 2022 को जारी हुआ था। निर्माण को 10 माह में पूर्ण करना था। यह अवधि समाप्त हो गई है। ठेकेदार को निर्माण करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है किन्तु कार्य स्थल निरीक्षण करने से लगता है कि इसके पूरा होने से सालों लग जाएंगे।

### नोटिस जारी

पीडब्ल्यूडी के अनुविभागीय अधिकारी श्री काण्डा ने बताया कि ठेकेदार को कार्य को जल्द पूरा करने हेतु नोटिस जारी किया गया है।

### शिविर का समापन आज

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में जिला ग्राम भारती एवं सरस्वती शिक्षा समिति के तत्वावधान में दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 6 से से किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में राजनांदगांव, दुर्ग, कवर्धा, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर मोहला के 150 आचार्य दीदी शामिल हो रहे है। प्रशिक्षण शिविर का समापन कल 15 जून को होगा। प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री एवं विद्याभारती के पदाधिकारी उपस्थित हो सकते हैं। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय होंगे। पदाधिकारी, सरपंच मिथलेश साहू शामिल होंगे।

### बैठक 20 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 20 जून को दोपहर 1 बजे सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। संबंधित अधिकारियों को जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़
जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)
**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण कमांक 202405092200104 अ/6
वर्ष 2023-2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पी. राजा राव आ. स्व. पी.वी. राव जाति यादव एवं अन्य 02 सभी निवासी रेलवे कॉलोनी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा दिनांक 27/05/2024 को सी.टी. सीरीज कमांक सी.टी. 202324420417900011 भूईयां (लोक सेवा केन्द्र) के माध्यम से अपने शामिलात स्वामित्व की भूमि ग्राम बधियाटोला प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ स्थित खसरा नंबर 92/89 रकबा 0.0195 हे. परिवर्तित लगान 310.00 रू.पै. परिवर्तित भूमि पी. हरिशंकर राव, पी. राजाराव, व्ही. लावन्या सभी पिता पी. वेंकटेश्वर, पी. हेमलता पति स्व. पी. वेंकटेश्वर राव वर्ग सामान्य जाति तेलगू के नाम से दर्ज है। जिसमें खातेदार पी. हरिशंकर मानसिक रूप से असामान्य हालत में होने से दिनांक 23.03.2004 से गुमशुदा हो गया है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना डोंगरगढ़ में दी गई है। वर्तमान में खातेदार पी. हरिशंकर के लंबे अंतराल अर्थात 07 साल से अधिक गुमशुदा रहने के कारण विधि के प्रावधानों के अनुसार उसकी सिविल डेथ की उपधारणा की जायेगी। पी. हरिशंकर की सिविल डेथ की उपधारणा तथा उसका कोई अस्तित्व न होने से ओर उसके जीवित नहीं होने की उपधारणा के कारण उक्त खाते से उसका नाम विलोपित कर आवेदकगणों का नाम यथावत रखे जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह नियत पेशी तिथि 17/06/2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

# पेंशनर करें पिछड़ा वर्ग की सेवा

**राजनांदगांव।** पेंशनरों की सामुहिक बैठक में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने कहा कि पेंशनरों को अपने जीवन की शेष अवधि राष्ट्र सेवा एवं समाजसेवा में नियोजित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पेंशनर सरकार द्वारा पेंशन पाते हैं, इसलिए आर्थिक रूप से संपन्न हैं। नौकरी में रहते हुए तो हमने राष्ट्र की सेवा की है, किंतु अब हमारे पास पर्याप्त समय के साथ-साथ समाज के पिछड़े वर्ग की सेवा करनी चाहिए। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डीएन साहू ने कहा कि अगले माह होने वाले पेंशनरों के प्रांतीय चुनाव में डॉ. केएल टांडेकर राजनांदगांव जिला की ओर से प्रांताध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहेंगे। जिसका उपस्थित पेंशनरों ने समर्थन किया है। श्री टाण्डेकर ने संगठन के विकास हेतु नगद 10 हजार रुपए की राशि प्रदान किया तथा प्रतिमाह एक हजार रुपए देकर घोषणा की है। इस पर पेंशनरों ने



उनका अभिनंदन किया। प्रांतीय महामंत्री केपी सिंह, कुमर्दा तहसील अध्यक्ष पीआर चंद्रवंशी, राजनांदगांव तहसील अध्यक्ष जीएल सोनबोईर, छुरिया तहसील से कोलूराम साहू, राजनांदगांव शहर से बीटी वाल्दे ने अपने तहसील का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

बैठक में डीडी पाण्डे, शिवप्रसाद टेमरे, एसके सिंह, गैंदराम देवांगन, आरके दुबे, एएस अंसारी, पुष्पा सावरकर, हसिना बेगम खान सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला महासचिव जीआर देवांगन ने की। बैठक में नए सदस्यों क्रमशः आशा तिवारी, ईश्वरलाल साहू, मीनाबाई साहू, गणेशराम साहू, एस.कुमार हिरवानी, उमेश सुक्ला का सदस्यता सम्मान पत्र भेंटकर एवं फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया। यह जानकारी नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे द्वारा दी गई।

### बढ़त से भाजपा खेमे में खुशी की लहर

# हर सेक्टर में मिली कांग्रेस को पराजय


हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहारा

डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बिल्हरी एवं मुसराकला सेक्टर में कांग्रेस को पराजय मिली है फिर भी कांग्रेस के नेता अपनी उपलब्धि बताने में लगे हैं।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मूलचंद लोधी ने बताया कि बिल्हरी सेक्टर के 16 गांव में बिल्हरी, सलटिकरी, विष्णुपुर और खुर्सीपार को छोड़ दें तो सभी 12 गांव में कांग्रेस को पराजय मिली है। खुडमुडी में 51 वोट, खैरा में 195, पेन्ड्री में 166, अन्यानवागांव में 79, कसारी में 198, रूआतला में 313, पुरैना में 174, मनकी में 59, सेम्हरा में 118, गातापार खुर्द में 308 तथा ठेकुआ में 97 वोट से कांग्रेस पीछे रही है। खुर्सीपार में मात्र 7 वोट, विष्णुपुर में 11, बिल्हरी में 52 तथा सलटिकरी में 205 वोट से भाजपा पिछड़ी है।

बिल्हरी सेक्टर से 1481 वोटो से भाजपा को लीड मिली। यही हाल मुसराकला सेक्टर का भी रहा है। यहां के 16 गांवों में मुसरा में 200 वोट, पारागांव कला में 82, पारागांव खुर्द में 468, रेंगाकटेरा में 71, भानपुरी में 65, कोलिहापुरी में 22, जामरी में 113, मुंदगांव में 327 वोट से बीजेपी आगे रही। मुसरा कला सेक्टर में भाजपा 183 वोट से आगे रही है।

### किसान हितैषी है मोदी सरकार



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के हित में लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने साबित कर दिया है कि वह हमेशा किसानों की बेहतरी के लिए प्रयास करते हैं। तीसरे कार्यकाल में पहला फैसला किसानों के हित में लेते हुए साढे नौ करोड़ किसानों को बीस हजार करोड की सौगात दिया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

**मांग:** संघ ने की प्रभारियों पर एफआईआर के निर्देश वापस लिए जाने की मांग, कहा वास्तविक दोषियों की जाए वैधानिक कार्रवाई

# जिले के केन्द्रों में धान शार्टेज के लिए डीएमओ एवं नोडल जिम्मेदार: संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला प्रशासन के मुखिया द्वारा जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में भौतिक सत्यापन में कुल 64 हजार 409 क्विंटल धान की कमी पाए जाने पर दोषियों के विरूद्ध बर्खास्तगी और सेवा सहकारी समितियों को ब्लैक लिस्टेड किए जाने की कार्यवाही के निर्देश दिए जाने के बाद अब जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ कबीरधाम ने जिला विपणन अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और खरीदी केन्द्रों में आई वजन शार्टेज के लिए पूरी तरफ जिला विपण अधिकारी को जिम्मेदार ठहराते हुए न सिर्फ उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की मांग की है बल्कि प्रभारियों पर एफआईआर की कार्यवाही पर रोक लगाने एवं धान सुखद में आई कमी की प्रतिपूर्ति के लिए क्षतिपूर्ति राशि शासन से दिलाए जाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष गंगादास मानिकपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि धान खरीदी वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य नीति के तहत धान खरीदी कार्य का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। लेकिन धान उठाव (परिवहन) में विभिन्न परेशानियां आई है जिसके कारण धान 28 फरवरी 2024 तक परिवहन न होकर अभी तक परिवहन नहीं हुआ है जिससे बोरे के वजन में सुखद एवं अति वृष्टि होने के कारण जरईयुक्त बारदानों को पल्टी करने के कारण धान के वजन में कमी आई है। उन्होने कहा कि धान खरीदी के समय माह नवम्बर से 04 फरवरी तक धान में नमी का प्रतिशत 15 से 17 प्रतिशत के बीच था जबकि परिवहन के समय धान की नमी का प्रतिशत 10 से 11 प्रतिशत हो गया, बीच में 5 या 6 प्रतिशत वजन में कमी सुखती के कारण आई है, जिसके लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा दबाव डालकर धान की भरपाई करने के लिए बोला जा रहा है एवं कुछ समितियों में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

## जिम्मेदार अधिकारियों ने की नियमों की अनदेखी



संघ के जिलाध्यक्ष गंगादास मानिकपुरी ने जिला विपणन तथा नोडल अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि धान खरीदी अनुबंध की कंडिका क्रमांक 2.7 में उल्लेखित है कि बफर लिमिट से अधिक धान का उठाव 72 घन्टे के भीतर किया जायेगा लेकिन जिला विपणन अधिकारी द्वारा इस कंडिका का पालन नहीं किया गया है यदि 72 घन्टे के भीतर धान का उठाव होता तो धान के वजन में कोई कमी नहीं आती। साथ ही अनुबंध की कंडिका 2.8 में उल्लेखित है कि 28/02/2024 तक संपूर्ण धान का उठाव कर लिया जावें एवं 31/03/2024 तक का मिलान कर लिया जावें लेकिन इस अवधि में जिला विपणन अधिकारी द्वारा इस कंडिका पालन नहीं किया गया जिससे धान के वजन एवं गुणवत्ता में कमी आई है। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला विपणन अधिकारी की होनी चाहिए जबकि दोनों कंडिकाओं का उल्लंघन जिला विपणन अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी द्वारा किया गया है एवं कंडिका 1.10 की बिन्दू में सुखत मान्य नहीं है को लेकर समिति प्रभारियों के विरूद्ध एफआईआर की कार्यवाही की जा रही है जो कि सर्वथा अनुचित है।

## अधिकारियों पर मिलर्स को लाभ पहुंचाने का आरोप

संघ के अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि जिला विपणन अधिकारी द्वारा मिलर्स को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दूर दराज के केन्द्रों का डीओ काफी विलम्ब से काटा गया। हमेशा से ही जिला विपणन अधिकारी के पक्षपात पूर्वक रवैये के कारण धान का उठाव अंतिम समय में होता है। उन्होने कहा कि धान की खरीदी के समय का नमी का प्रतिशत एवं परिवहन (उठाव) के समय के प्रतिशत में 5 या 6 प्रतिशत की कमी है, जिससे धान में सुखत स्पष्ट परीलक्षित होती है। उन्होने कहा कि जिला कबीरधान के 108 धान खरीदी केन्द्रों द्वारा वर्ष 2023-24 में कुल 6015651.60 क्विंटल धान खरीदी की गई थी जिसमें से 5956028.67 क्विंटल का परिवहन होने के उपरांत 59622.93 क्विंटल शेष है जिसमें से 18845.95 क्विंटल धान समितियों में आज भी परिवहन हेतु शेष भौतिक रूप से समिति में उपलब्ध है। तदोपरांत 39618.80 क्विंटल सुखत शार्टेज है। जिसको जमा करने हेतु जिला अधिकारियों द्वारा दबाव डालकर एफआईआर की कार्यवाही किए जाने हेतु पत्राचार किया गया है जो कि पक्षपातपूर्ण निर्णय है।

# कोलेगांव से हथमुड़ी मुख्य मार्ग की हालत खस्ता

- मरम्मत के आभाव में गड्ढों में तब्दील हो चुकी है प्रधानमंत्री ग्राम करीब 8 किलो मीटर की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव-हथमुड़ी क्षेत्र के ग्रामीणों ने मरम्मत एवं रखरखाव के आभाव में जर्जर व खस्ताहाल हो चुकी कोलेगांव-हथमुड़ी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व मरम्मत कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम भगतपुर, धनेली, सेमरकोना, अमलीमलगी, कुआंमलगी, पथरी, भटरूसे, मोहतरा कला, कंझेटा, घोरपेंड्री, खैलटोकरी, सूरजपुरा सहित अन्य ग्रामों के लोगों के लिए उपयोगी इस 8 से 10 किलो मीटर प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण करीब पांच वर्ष पूर्व कराया गया था। लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा नियमानुसार बीते पांच सालों में सड़क की मरम्मत तथा रखरखाव के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया गया और न ही संबंधित विभाग ने इस पर कोई रूचि दिखाई। ग्रामीणों ने बताया कि अभी हाल में जरूर सड़क मरम्मत के नाम पर कुछ गड्ढों में मिटट्टी डाली गई थी लेकिन वह पहली बारिश में धुल गई। इसके अलावा मरम्मत के नाम कुछ नहीं किया गया। जिसके बीते पांच सालों में यह सड़क जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे निर्मित हो चुके हैं और कई जगह सड़क उखड़ चुकी है। स्थिति ये है कि अब मार्ग में आवागमन मुस्किल होने लगा है। खासकर बारिश के बाद तो समझ में ही नहीं आता कि सड़क कहा हैं और गड्ढे कहा हैं।



ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद उपयोगी है, क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण इसी सड़क से जिला मुख्सालय कवर्धा और और न्यायधानी बिलासपुर के लिए आना जानास करते हैं। इसके अलावा क्षेत्र के विद्यार्थी, ग्रामीणों और किसानों को चौबिसों घंटे इसी मार्ग से आना जाना लगा रहता है। लेकिन मार्ग की हालत बेहद खस्ताहाल होने के कारण उन्हें भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की माने तो आने वाले वर्षाकाल में उनकी यह परेशानी और अधिक बढन्ने की पूरी संभावना है। जिसे देखते हुए उन्होने शासन, प्रशासन, क्षेत्रीय विधायक तथा संबंधित विभाग से वर्षा ऋतु के पूर्व मार्ग मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### कवर्धा में रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**कवर्धा।** नवजीवन सेवा संस्थान द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार विगत 9 सालों से जरूरतमंद मरीजों को समय पर ब्लड मुहैया कराने के उद्देश से कार्यरत नवजीवन सेवा संस्थान कवर्धा द्वारा एक बार फिर से 14 जून 2024 को विशाल रक्तदान शिविर का महाआयोजन कवर्धा नगर के यूथ क्लब भवन में सुबह 9.00 बजे से किया जा रहा है। संस्थान ने लोगों से अपील की है कि वे इस रक्तदान शिविर में रक्तदान कर, एक जिंदगी बचाने अमूल्य सहयोग जरूर करें।

### जिले के किसानो को मिली सम्मान निधि

**कवर्धा।** देश सहित कबीरधाम जिले के किसानो के बैंक खातों में एक बार फिर धनवर्षा हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के बाद तीसरा बार देश की सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपनी योजना के तहत किसानो के खातों में धनवर्षा की है। जिससे किसानो में खुशी देखने को मिल रही है। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी कर दी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं, जिसमें कबीरधाम जिले के भी किसान शामिल हैं। किसानों के खाते में यह राशि दी गई है। 24 फरवरी 2019 को इस योजना की शुरुआत की गई थी।

# मनरेगा में फर्जी मस्टर रोल खोल रही दावों की पोल

## ग्राम जैताटोला में फर्जी मस्टर रोल की शिकायत



- क्षेत्र के दर्जनो मजदूरों ने रोजगार सहायक के खिलाफ सौंपा एसडीएम व सीईओं को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रशासनिक दावों के मुताबिक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रदेश में कबीरधाम जिला सर्वाधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने वाला पहला जिला बन गया है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 40 लाख मानव दिवस लक्ष्य के विरुद्ध 43 लाख 62 हजार मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया है जो लक्ष्य का 109 प्रतिशत है। माना जा रहा है कि कबीरधाम जिले ने यह उपलब्धि प्रदेश के कई बड़े जिलों का पीछे छोड़कर हांसिल की है। लेकिन इन प्रशासनिक आंकड़ों और दावों की पोल तब खुल जाती है जब जिले की ग्राम पंचायतों में संचालित मनरेगा के कार्यो में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा फर्जी मस्टर रोल के जरिए हाजरी भरकर लाखों का गबन करने, मनरेगा के कार्यो में मशीनो का उपयोग किए जाने तथा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किए जाने की शिकवा शिकायतें सामने आती है। ऐसी एक शिकायत जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत घोंघा से सामने आई है। जहां आश्रित ग्राम जैताटोला में मनरेगा योजना के तहत चलाए जा रहे कार्य में ग्रामीणों रोजगार सहायक पर फर्जी मस्टर रोल के जरिए लाखों रूपए की राशि गबन करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि बीते बुधवार को करीब दो सौ की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरूष मनरेगा मजबूरों ने ब्लाक मुख्यालय बोड़ला पहुंचकर अपनी इस शिकायत से संबंधित एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी आशीष अनुपम टोप्पों तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला को सौंपा है। ग्रामीण मजदूरों ने संबंधित अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत घोंघा के आश्रित ग्राम जैताटोला में संचालित मनरेगा कार्य में रोजगार सहायक द्वारा मस्टर रोल में बड़ी संख्या में फर्जी ढंग से ऐसे लोगों की हाजरी भर रहा है जो कार्य में उपस्थित ही नहीं हो रहे हैं और लाखों का गबन कर रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से इस मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरह से मनरेगा के कार्यो में फर्जी मस्टर रोल भरकर राशि गबन करने की शिकायत सिर्फ ग्राम जैताटोला भर से नहीं आई है बल्कि जिले कई ग्रामों से ऐसी शिकायतें सामने आ रही है। जिससे प्रशासनिक दावों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# तेज बारिश व आंधी में धराशाही पेड़ सड़क पर, घंटों जाम रहा पंडरिया-बजाग मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र द्वारा हाल ही में इस बात की आशंका जताई जा चुकी थी कि अगर वर्षाकाल प्रारंभ होने के पूर्व जिले के वनांचल ईलाकों से गुजरने वाले मार्गो के किनारे लगे बेहद कमजोर और खतरनाक पेड़ों को चिन्हांकित कर नहीं हटाया गया तो वे आने वाले दिनो में आंधी, तूफान तथा भारी बारिश की स्थिति में न सिर्फ धराशाही होकर मार्गो को अवरूद्ध कर सकते हैं बल्कि लोगों के जानोमाल के लिए भी गंभीर खतरा बन सकते हैं। मौजूदा दौर में जिले के बनते बिगड़ते मौसम के बीच कुछ ऐसी ही स्थिति निर्मित होते दिखाई दे रही है। बताया जाता है कि बीते बुधवार को जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के वनांचल ईलाकों में शाम के समय अचानक बदले मौसम में न सिर्फ तेज आंधी तूफान देखने को मिला बल्कि झमाझम बारिश भी हुई। जिसमें पंडरिया-बजाग मार्ग स्थित चीतहरिन नामक स्थान पर सड़क किनारे लगा एक विशालकाय पेड़ धराशाही होकर सड़क पर आ गिरा। जिससे चौबसों घंटे आमदरफ्त वाला यह मार्ग जाम हो गया और मार्ग के दोनो और वाहनो की लम्बी कतारे लग गई। इतना ही नहीं सड़क किनारे से गुजरने वाले 33 केव्ही विद्युत लाईन पर पेड़ गिरने से विद्युत लाईन भी क्षतिग्रस्त हो गई और पूरे क्षेत्र में घंटों के लिए ब्लैक आऊट की स्थिति निर्मित हो गई। जिससे क्षेत्र के लोगों और मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ दिनो पूर्व यही स्थिति जिले के विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में भी देखने को मिली थी। जहां तेज आंधी तूफान तथा बारिश में नेशनल हाईवे 30 के किनारे लगे कई कमजोर और बड़े पेड़ सड़क में आ गिरे थे और मार्ग घंटों के लिए जाम हो गया था। माना जा रहा है कि यह तो अभी सिर्फ प्री मानसून की शुरूआत भर है अभी तो पूरा वर्षाकाल शेष है। अगर समय रहते हुए इस और ध्यान नहीं दिया गया तो पूरे वर्षाकाल में लोगों को कई बार इस तरह की समस्याओं का सामना करना ही पड़ेगा। जो जीवलेवा भी हो सकती है।



# कवर्धा में महाराणा प्रताप की जयंती 16 को

- कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारत के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतिक, सनातन धर्म रक्षक, युग पुरुष महाराणा प्रताप की 484 वीं जयन्ती 16 जून को कवर्धा में मनाई जाएगी। महाराणा प्रताप की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थिति रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, केंद्रीय अध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 दारा सिंह, केंद्रीय उपाध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 अनिल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक सहित पांचो परिक्षेत्र के अध्यक्षगण शामिल होंगे। कार्यक्रम की पूरी तैयारी कवर्धा नगर अध्यक्ष, राजपूत क्षत्रिय समाज चंद्रिका सिंह ठाकुर और सिंह नवयुवक मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व एवं समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 कवर्धा के मीडिया प्रभारी जीवेंद्र सिंह ठाकुर, अमन ने बताया की 16 जून को सुबह महाराणा प्रताप के प्रतिमा पर ध्वजारोहण एवं माल्यार्पण किया जायेगा। उन्होने बताया कि दोपहर 2.30 बजे से विशाल क्षत्रिय समागम सभा एवं शाम 04 बजे भव्य शौर्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। शोभायात्रा में समाज के नव युवकों द्वारा शौर्य का प्रदर्शन भी किया जायेगा। इसमें विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत के शौर्य महाराणा प्रताप की जयन्ती की तैयारी जोरों शोरो से चल रही है जिसे लेकर समाज के सभी लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने बताया कि हिंदी कलेंडर के अनुसार 09 मई और अंग्रेजी कलेंडर के अनुसार 09 जून को विधिवत पूजा अर्चना कर मनाया गया।

### जीएसटी विभाग ने लॉन्च किया ई-संवीक्षा पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य कर (जीएसटी) विभाग ने सूचना व प्रौद्योगिकी का उपयोग कर नई पहल करते हुए ई-संवीक्षा पोर्टल लॉन्च किया है। इसके अंतर्गत मैदानी कार्यालयों के अधिकारी जीएसटी अधिनियम की धारा 61, धारा 73, धारा 74 अंतर्गत की जाने वाली कार्रवाई की रिपोर्टिंग ऑनलाइन करेंगे। प्रारंभिक चरण में ई-संवीक्षा अंतर्गत स्क्रूटनी माड्यूल बनकर तैयार है। इससे न केवल विभागीय अधिकारी कार्य की मॉनिटरिंग की जा सकेगी बल्कि ऐसे अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली मासिक डायरी भी ऑनलाइन होगी।

**स्कूली बच्चों के दक्षताओं एवं कौशल विकास में सहायक होगा शिक्षकों का प्रशिक्षण**

# कामठी हाईस्कूल में एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत जोन स्तरीय एफ एल एन प्रशिक्षण का प्रथम चरण कुई, पंडरिया एवं कुंडा में 13 से 16 जून तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत कुई जोन का प्रशिक्षण शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कामठी में आज प्रथम दिवस प्राचार्य आरएन राजपूत, बीआरपी विनोद गोस्वामी, संकुल समन्वयक एवं जोन प्रभारी रघुनंदन गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के तैलीय चित्र की पूजा अर्चना, वन्दना एवं राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण के शुभारम्भ के अवसर पर रघुनंदन गुप्ता ने शिक्षकों में ऊर्जा भरते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल आप लोगों का नहीं अपितु ये भारत के भविष्य में ऐसे कुशलता का प्रतिपादन करना है जिससे कि बच्चे में समझ के साथ पढन्े के अलावा ऐसी कुशलता का विकास हो जिससे कि बच्चा किसी भी क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना सके। शिक्षक अपने छात्रों में नैतिक शिक्षा के साथ ऐसे गुण का परिमार्जन करे कि वह नौकरी नहीं मिलने की स्थिति में आजीविका और रोजगार की दृष्टि से कुशल प्लम्बर, मोबाईल, कम्प्यूटर रिपेयर, लाईट फिटिंग आदि तकनीकी विषयों में दक्षता प्राप्त कर सके। बच्चा यदि किसान भी बने तो उसे अपने कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक का उपयोग करते हुए अन्य की तुलना में अपने उपार्जन में उन्नति करे। नई शिक्षा नीति में इसी को कौशल विकास कहा गया है। बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान उद्देश्य भी यही कहता है कि हमारा बच्चा अपने दैनिक जीवनोपयोगी वस्तुओं के आदान-प्रदान में अच्छे से समझ रख सके। मास्टर टेंनर, देवलाल साहू, मोहन लाल शर्मा, विक्रम जांगड़े एवम समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ततपश्चात एफएलएन के संबध में जानकारी दी गई। प्राथमिक शाला के बच्चों को एफएलएन के तहत पढ़ाना है, जिसमें प्रायमरी स्कूल में पदस्थ शिक्षकों को पहले आनलाइन ट्रेनिग दी गई थी अब आफलाइन दिया जा रहा है। कक्षा पहली से तीसरी तक के सभी बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को पूर्ण रूप से सीखने _सीखाने के लिए है जिसके अंतर्गत भाषा शिक्षण, गणित शिक्षण, 4 ब्लाक मांडल पठन, लेखन, मौखिक भाषा विकास, नवा जतन, विद्या प्रवेश, पुस्तकालय बहु भाषा, जादुई पिटारा, ई जादुई पिटारा आदि महत्वपूर्ण एवं उपयोगी विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य स्तर से प्रशिक्षित राज्य स्त्रोत प्रशिक्षक के माध्यम से कुई, कुंडा, पंडरिया में आज से प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है। कुई जोन में 13 संकुल है, जिसमें 78 शिक्षक शिक्षिका जो कि एकल एवं दो शिक्षकीय विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण नए शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पहले दिया जा रहा है, ताकि सभी शिक्षक स्कूल खुलते ही सभी बच्चों में आवश्यक दक्षताओं एवं कौशलों के विकास हेतु प्रारंभ में ही रणनीति तैयार कर बच्चो के शिक्षण गुणवता का विकास करने का प्रयास कर पाए।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस विधिक जागरूकता साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले के अलग-अलग स्थानों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर हुए इन विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविरों में ग्रामीणजन यथा श्रमिकों विशेषकर बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। 12 जून वल्ड डे अगेन्स्ट चाईल्ड लेबर के विशेष अवसर पर राहुल कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कवर्धा द्वारा बालगृह कवर्धा पहुंचकर बच्चों को प्रदत्त विधिक सेवाओं की जानकारी लिए एवं मोटरयान अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई। इस विशेष अवसर पर जिले में हुए अलग-अलग विधिक जागरूकता शिविरों में आमजन को बताया गया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों से दुकान एवं कारखानों में श्रम करवाना अपराध की श्रेणी में आता है। शिविर में अभिभावकों को बताया गया कि बालकों का पडन्ा-लिखना आवश्यक है पढ़-लिखकर वे बड़े-बड़े पदों पर पहुंच सकते हैं, आज गांव के पढ़े लिखे बच्चे डॉक्टर, इंजिनियर, वैज्ञानिक एवं बड़े प्रशासनिक अधिकारी भी बन रहे हैं देश-विदेश में बड़े-बड़े पदों पर कार्य कर रहे हैं, आपका बच्चा भी इनमें से एक हो सकता है। सचिव राहुल कुमार के निर्देश पर पीएलव्हीज द्वारा ग्राम पंचायत पाढ़ी, ग्राम कोदवागोड़ान, ग्राम निगापुर, बकबुढ़ा, बस स्टैण्ड कवर्धा, कैलाश सरोवर गार्डन कवर्धा, ट्रांसपोर्ट नगर कवर्धा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



# रेकी कर प्लान बनाकर करते थे चोरी, अंतर्राज्यीय चोर गिरोह पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

योजना बनाकर रेकी करने के बाद घरों में चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

■ पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में भी कर चुके थे चोरी

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी राधेश्याम सूर्यवंशी 43 साल निवासी कलकसा ने 18 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 17 अप्रैल को दिन में कोई अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला का कुंडा तोड़कर घर के अंदर घुसकर सोना-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम सहित कुल 70000 रुपए को चोरी कर ले गया है।



पुलिस ने धारा 454, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में था। इसी प्रकार प्रार्थिया निवासी इंदिरा नगर ने 28 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 27 मई की रात्रि करीबन 1 बजे के आसपास कोई अज्ञात चोर घर के दरवाजा का ताला तोड़कर घर के आलमारी में रखे नगदी रकम एवं सोने-चांदी के जेवरात जुमला 29000 रुपए को चोरी कर ले गया है।

### जेवर व बाईक बरामद

चोरी की घटना को गंभीरता से देखते पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। विवेचना के दौरान तकनीकी एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर व सायबर सेल की मदद से संदेही गोपाल देवांगन उर्फ चोरू उर्फ डिस्कवर एवं विक्की सोलंकी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि गोपाल देवांगन उसकी पत्नी एवं विक्की सोलंकी तीनों मिलकर योजना बनाकर रेलवे स्टेशन व अन्य जगहों में रूककर रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। 17 अप्रैल को ग्राम कलकसा एवं 27 मई की रात्रि में इंदिरा नगर डोंगरगढ़ में चोरी करना बताया। आरोपियों से चोरी के सामान एक सोने का टाप्स एवं मंगलसूत्र, चांदी का करधन एवं पायल व एक मोटर साइकिल को जब्त किया गया है।

### पहले इन इलाकों में की चोरी

आरोपियों द्वारा ओपी मोहारा क्षेत्र, तुमड़ीबोड़ क्षेत्र, सुकुलदैहान क्षेत्र, थाना ठेलकाडीह क्षेत्र एवं गोंदिया महाराष्ट्र के आमगांव तिरोड़ा क्षेत्र के सूने घरों में चोरी करना स्वीकार किए हैं। चोरी में मिले सामान एवं ग्राम कलकसा में मिले सोना-चांदी के जेवरात को अपने परिजन को बेचने हेतु देना बताए। चोरी के जेवरात रखे आरोपी के परिजन का डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल द्वारा पता तलाश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी गोपाल देवांगन उर्फ चोरू उर्फ डिस्कवर 32 वर्ष साकिन जरवाय थाना भिलाई, 3 हाल बुच्चीबोरी जिला नागपुर महा. एवं विक्की सोलंकी 25 साल बुच्चीबोरी थाना जिला नागपुर महाराष्ट्र हाल कालकापारा डोंगरगढ के विरूद्ध दोनों प्रकरणों धारा 120-बी भादवि का धारा जोड़कर विधिवत गिर. कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## आरोपों से घिरे औंधी थाना प्रभारी को एसपी ने किया लाइन अटैच

# आदिवासियों का जेल भरो आंदोलन आज, पुलिस छावनी में तब्दील मानपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आदिवासी समाज द्वारा अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में निवासरत आदिवासियों पर लगातार हो रहे प्रताड़ना का आरोप लगाते 14 जून को मानपुर में वृहद जेल भरो आंदोलन का फरमान जारी किया गया है। हाल ही में बलौदाबाजार में हुए घटनाक्रम को देखते पूरे मानपुर को वज्र गाड़ियों के साथ पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इधर कई तरह के आरोपों से घिरे औंधी थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुशील त्रिपाठी को एसपी यशपाल सिंह ने तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच कर दिया है।

सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बीएस रावटे के नेतृत्व में मानपुर नगर में जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया गया है। आदिवासी समाज का आरोप है कि प्रशासनिक तंत्र आदिवासियों की आवाज व अधिकार को कुचलना चाहती है। यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची के अतंर्गत आता है, जो रूडी गत परंपरा अनुसार संचालित होती है। इन क्षेत्र में निवासरत आदिवासी समाज को किसी न किसी तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। आंदोलनकारियों के अनुसार यह सभा मानपुर बाजार चौक से शुरू होगी, जो अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व मानपुर तक ज्ञापन सौंपने रैली निकाली जाएगी। इस महारैली में प्रदेशभर के सभी आदिवासी प्रमुख संगठन शामिल होंगे। प्रमुख रूप से छुरिया, डोंगरगढ़ एवं चौकी, मोहला के युवा संगठन, महिला वर्ग, वरिष्ठ बुजुर्ग, पटेल, बैगा, गायता, कोटवारों को आंदोलन में शामिल होने कहा गया है। जेल भरो आंदोलन के बारे में हरिभूमि को यह जानकारी नरेन्द्र नेताम सर्व आदिवासी समाज ब्लाक अं. चौकी तथा जगत सलामे शहर अध्यक्ष गोंड समाज राजनांदगांव, खोमेन्द्री गावरे नवनिर्वाचित महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मोहला मानपुर अं. चौकी द्वारा दी गई है।






### धमकी देकर पैसा वसूली का आरोप

विधानसभा चुनाव के दौरान औंधी थाना की कमान संभाल रहे उप निरीक्षक सुशील त्रिपाठी के खिलाफ औंधी क्षेत्र के अलग-अलग गांव के महिला-पुरूष ग्रामीणों ने मारपीट-धमकी देकर पैसा वसूली करने का आरोप लगाया था। इसके बाद जिले के पुलिस कप्तान यशपाल सिंह ने आरोपों से घिरे थाना प्रभारी को लाईन अटैच कर दिया है।

### अन्य जिलों से बल की व्यवस्था

आदिवासियों की रैली, सभा और जेल भरो आंदोलन को देखते मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में आसपास के जिलों से भारी तादाद में पुलिस बल बुलाया गया है। पूरे मानपुर नगर को वज्र, दमकल गाड़ियों के साथ सशस्त्र बल को शांति व्यवस्था के लिए छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

### बेहतर पुलिसिंग की लगातार कवायद

पद स्थापना के साथ कलेक्टर एस. जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंह तथा आईपीएस अधिकारी एडिशनल एसपी मयंक गुर्जर इस आदिवासी अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में आम ग्रामीण और पुलिस तथा प्रशासन के बीच सौहार्द्र वातावरण निर्मित करने दिन-रात मेहनत करने के साथ-साथ गांव और ग्रामीणों के समस्याओं के निदान के लिए स्वत पहुंचकर कई तरह की भूमिका निभा रहे हैं।

# पुत्र ने सौतेली मां के साथ मिलकर की पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ हत्या के बाद हथियार को साफ कर छुपा दिया था



अधेड़ की हत्या के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने खुलासा किया है कि जमीन विवाद को लेकर पुत्र ने सौतेली मां के साथ मिलकर पिता की हत्या कर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 12 जून को सुबह पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ था कि प्रीतम साहू पिता स्व. रामअवतार साहू साकिन झिटिया की उसके घर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा घटनास्थल पहुंचकर जांच की गई। घटनास्थल मकान के अंदर परछी में प्रीतम साहू के सिर, माथे एवं पेट में धारदार हथियार एवं किसी ठोस वस्तु से गंभीर चोंट पहुंचाकर हत्या करना पाए जाने पर घटनास्थल पर ही मृतक के छोटे भाई प्रेमलाल की रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर 302 भादवि कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

उक्त कार्रवाई में साईबर सेल प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, चौकी प्रभारी तुमडीबोड उप निरीक्षक कैलाशचंद्र मरई, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक तुलाराम बांक, आरक्षक कमल नेताम, लोकेश साहू, देवानंद परती, दिगंबर सिदार, राकेश वर्मा, थलेश देशमुख, पूनम साहू, महिला आरक्षक अर्पणा एक्का, नगर सैनिक उषा वर्मा एवं सायबर टीम का विशेष योगदान है।

### एक महीने पूर्व बनाया था प्लान

इस मामले में सायबर सेल राजनांदगांव एवं पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा त्वरित कार्रवाई करते घटना स्थल का निरीक्षण एवं संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिस पर पुलिस को ज्ञात हुआ कि प्रीतम साहू द्वारा घर के सदस्यों को शराब के नशे में गाली-गलौज कर मारपीट करने एवं परिवार वालों को पूरी जमीन बेचने की धमकी और परिवार वालों को घर से निकालने की धमकी देने से परेशान होकर मृतक के पुत्र ललित कुमार साहू एवं मृतक की पत्नी हुमेश्वरीबाई साहू ने एक महीने पूर्व से प्रीतम साहू की हत्या का प्लान बनाया।

### मुसर से सिर पर किया हमला

पुलिस के अनुसार 11 जून की रात्रि करीब 12 बजे मौका देखकर प्रीतम साहू को खाट में सोता हुआ पाकर आरोपी ललित कुमार साहू ने अपनी मां के साथ घर में रखे लोहे के मुसर से सिर में कई बार लगातार वार कर चोंट पहुंचाकर और आरोपी द्वारा अपनी मां हुमेश्वरी से हसिया मंगाकर सिर एवं पेट में लगातार वार किया और आरोपी ललित कुमार द्वारा गर्दन दबाकर अपनी मां हुमेश्वरीबाई के साथ प्रीतम साहू की हत्या कर दिए। दोनों आरोपी मां-बेटे द्वारा प्रीतम साहू की हत्या कर हत्या से जुड़े साक्ष्य को छुपाने के लिए हत्या में प्रयुक्त लोहे के मुसर और हंसिया को पानी में साफ कर छुपाने और आरोपी द्वारा अपने चाचा के घर जाकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने पिता की हत्या करने की झूठी कहानी सुनाकर गुमराह करने पर दोनों आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने पर दोनों आरोपियों को 13 जून को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी पड़ोसी राज्य से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने 7 जुलाई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 जून 2022 को सुबह 10 बजे उसकी नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष 4 माह घर से साल्हेवारा स्कूल जा रही हूं कहकर निकली थी, जो घर वापस नहीं आई है। उसकी लड़की को मुकेश बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना साल्हेवारा में धारा 363 भादस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पांडे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गंडई लालचंद मोहले द्वारा मामला नाबालिग बालिका से संबंधित संवेदनशील मामला होने से विवेचना हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देकर नाबालिग बालिका को शीघ्र बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया था। जिस पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी मुकेश सोनवानी पिता विष्णुदास सोनवानी 23 वर्ष निवासी गढ़ी थाना गढ़ी जिला बालाघाट (मप्र)के विरुद्ध अपराध साक्ष्य पाए जाने से 12 जून को विधिवत गिरफ्तार किया गया है, जिसे 13 जून को माननीय अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

**बस से ले गया था नागपुर :** विवेचना के दौरान 12 जून को अवयस्क पीड़िता को बरामद किया गया है। तत्पश्चात बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से बयान कराया गया। अवयस्क बालिका के अनुसार दिनांक घटना समय को आरोपी मुकेश सोनवानी द्वारा पीड़ीता को शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अकेले बस से बैहर मप्र बुलाकर बस में बैठाकर नागपुर ले जाकर दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर मामले में धारा 366 क, 376(2) (ढ ) भादस धारा 6 पॉक्सो एक्ट 2012 जोड़ी गई। विवेचना के दौरान आरोपी मुकेश सोनवानी को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया।

# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग को भगाया, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने अपहत बालिका अपहरणकर्ता आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना खैरागढ़ क्षेत्र के प्रार्थी ने 5 जून को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की उम्र 15 साल कहीं चली गई है, जो घर वापस नहीं आई है। संदेह है कि अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में थाना प्रभारी खैरागढ़ अनिल शर्मा को टीम तैयार कर नाबालिग बालिका को शीघ्र बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नाबालिग अपहृता की लगातार पतासाजी की जा रही थी। लगातार प्रयास कर 10 जून को नाबालिग बालिका को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया।

### आरोपी पर हुई कार्रवाई

पूछताछ पर बालिका के बताए अनुसार दिनांक घटना समय को आरोपी शुभम भारती द्वारा बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाकर दुष्कर्म करने बताने पर मामले में धारा 366(क), 376(3), 376(2)(ढ) भादवि 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई। आरोपी शुभम भारती को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# नांदगांव को पुनः खेल जोन का दर्जा दिलवाने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**पूर्व सांसद मधु से मिले व्यायाम शिक्षक, मिला आश्वासन**

राजनांदगांव जिले के व्यायाम शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में उषा चैटर्जी, शैलेन्द्र तिवारी, अनुराज श्रीवास्तव, भानुप्रताप सिंह, उमेश वैष्णव, संतोष देशमुख, विनीत रंजन, अजय रामटेके एवं चंद्रेश साहू शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व सांसद को अवगत कराया कि 2019 तक राजनांदगांव को खेल जोन का दर्जा प्राप्त था, किन्तु प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस शासन में राजनांदगांव खेल जोन को दुर्ग खेल जोन में संविलियन कर दिया गया था। इसके परिणामतः राजनांदगांव जिले की खेल प्रतिभाओं को तभी से अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का पर्याप्त सुअवसर प्राप्त नहीं हो पा रहा है। जिले की खेल प्रतिभाओं के हित में इस समस्या के समाधान के लिए व्यायाम शिक्षकों ने श्री यादव से इस विषय में शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण करते उचित समाधान की मांग की है।



# बकरा चोर गिरोह पकड़ाया आटो सहित सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ चिखली पुलिस की कार्रवाई

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने बकरा चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते हुए बकरा चोर गिरोह को पकड़ा। जिनसे आटो वाहन सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 12 जून को प्रार्थी चिखली चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि में खाना खाकर सो रहे थे कि बकरे का चिल्लाने का आवाज सुनकर उठकर देखा तो उसके टीन झोपड़ी का ताला तोड़कर झोपड़ी में रखे बकरा को तीन व्यक्ति आटो गाड़ी में भर रहे थे। प्रार्थी घबराकर घर वालों को और आसपास के लोगों को आवाज दिया। उसी दौरान तीनों व्यक्ति ऑटो में बकरा को भरकर चोरी कर भाग रहे थे। सूचना पर तत्काल अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 380, 34 भादवि का अपराध घटित करना पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### घूम-घूमकर करते थे चोरी

तत्काल पेट्रोलिंग पार्टी स्टाफ मौके पर पहुंचकर आम जनता के सहयोग से बकरा चोरी कर भाग रहे तीनों व्यक्ति को ऑटो सहित पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद सफी 49 साल, राकेश गोस्वामी 34 साल एवं वेंकटेश स्वामी 49 साल तीनों वार्ड नं. 4 रूआबांधा भिलाई निवासी आरोपियों को पकड़कर ऑटो वाहन से तीन नग बकरा, ताला तोड़ने में प्रयुक्त सब्बल व ऑटो को जब्त किया गया। आरोपियों से बारिकी से पूछताछ करने पर ताला तोड़कर बकरा चोरी करना स्वीकार किया और आसपास के जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा व अन्य क्षेत्रों में रात और दिन में घूम-घूमकर बकरा चोरी करना बताया।

## जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

# राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 20 से, पहुंचेंगी देशभर की टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हॉकी की नर्सरी में एक बार फिर देशभर से हॉकी खिलाड़ी जुटने वाले है। संस्कारधानी में आगामी 20 जून से 9 दिवसीय राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ी अपना जोहर दिखाते हुए नजर आएंगे। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर एक बैठक भी आयोजन समिति द्वारा कर ली गई है।

ठा. प्यारेलाल उ.मा.शाला में 13 जून को जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता व सचिव शिवनारायण धकेता की उपस्थिति में संपन्न हुई। संघ के अध्यक्ष ने पिछले कार्यकाल में किए हॉकी के विकास के कार्य की जानकारी देते इस वर्ष भी संघ को जो दायित्व मिले हैं, उसकी जानकारी दी। जिसके तहत स्थानीय खिलाड़ियों की लीग हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने चर्चा की गई। जिसमें स्पर्धा आयोजित कर जिले की टीम बनाने आशा थॉमस और अनुराज श्रीवास्त को जूनियर वर्ग एवं किशोर धीवर व शकिल अहमद को सब-जूनियर वर्ग के लिए चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। जिला हॉकी संघ के सचिव ने कहा कि पूर्व की भॉति इस वर्ष भी हॉकी इंडिया ने 2री जूनियर बालक/बालिका वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ को दी है। जिसके सुचारू रूप से संचालन एवं अन्य विषयों को ध्यान में रखते किए जाने का निर्णाय लिया गया है। वेस्ट जोन के लिए संचालन समिति के संयोजक भूषण सॉव वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी को नियुक्त किया गया है। आयोजन सचिव फिरोज अंसारी होंगे।

बैठक में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, भुषण सॉव, आशा थामस, गणेश प्रसाद शर्मा, कुमार स्वामी, भागवत यादव, अब्दुल कादिर, महेन्द्र ठाकुर, प्रिंस भाटिया, अनुराज श्रीवास्तव, तुलसी सिन्हा, शकिल अहमद, राजेश निर्मलकर, जावेद खान, किशोर धीवर, अभिनव मिश्रा, आशिष सिन्हा, खुशाल यादव, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे। वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी गुरूचरण सिंह भाटिया एवं अनिशा साहू अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी के पिता अगनूराम साहू के आकस्मिक निधन पर सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



### आयोजन की बांटी जिम्मेदारी

इसके साथ ही 5वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 20 से 28 जून तक सब जूनियर व जूनियर बालक/बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसमें जूनियर वर्ग में आयोजन सचिव अनुराज श्रीवास्तव व सब-जूनियर वर्ग का आयोजन सचिव प्रिंस भाटिया को बनाया गया। टूर्नामेंट का संयोजक नीलम जैन तथा महेंद्र ठाकुर होंगे।

### आगे होंगे और आयोजन

बैठक में सदस्यों द्वारा निर्णाय लिया गया कि वर्तमान में चल रहे जिला हॉकी संघ के तत्वधान में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा अन्य पुरस्कार प्रदान किया जाए। उसी के साथ ही अगस्त माह में सीनियर मार्निंग हॉकी प्रतियोगिता 2024 का तथा सितंबर-अक्टूबर में जिला हॉकी लीग आयोजन किए जाने संबंध में चर्चा की गई।



**विकास:** विष्णु सरकार के छह माह, सुशासन के ट्रैक पर विकास ने फिर पकड़ी रफ्तार

# किसानों, महिलाओं व युवाओं के लिए हुए हैं ऐतिहासिक फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन के ट्रैक पर छत्तीसगढ़ ने फिर से विकास की रफ्तार पकड़ ली है। बीते छह माह पर नजर डाले तो साय सरकार ने किसानों, महिलाओं व युवाओं के लिए बहुत कम समय में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए वर्ष 2047 तक विकसित-छत्तीसगढ़ का निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के लोगों को गारंटी दी थी कि छत्तीसगढ़ में लोगों के जीवन में खुशहाली व समृद्धि के लिए सुशासन की स्थापना की जाएगी, इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अलग सुशासन और अभिशरण विभाग का गठन किया।

यह विभाग जन-कल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और जन-समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए काम कर रहा है। सभी विभागों को सुशासन के लिए अधिक से अधिक आईटी का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की निगरानी और समीक्षा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती 25 दिसंबर 2023 सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया गया है।

साय सरकार ने आवासहीन और जरूरतमंद 18 लाख परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, 13 लाख से अधिक किसानों को धान की बोनस राशि, 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना में 70 लाख से अधिक गरीब परिवारों की महिलाओं को हर माह एक-एक हजार रूपए देने जैसे अनेक निर्णयों पर क्रियान्वयन किया। राज्य के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में माओवाद उन्मूलन के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियद नेल्लानार योजना शुरू की गई है। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला दर्शन योजना, उद्यम क्रांति योजना जैसी कई अभिनव योजनाओं की शुरूआत हुई है। लोकतंत्र सेनानियों मीसा बंदियों की सम्मान निधि फिर से शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री नें 13 जून से सभी विभागों में प्रशासनिक कसावट लाने के लिए समीक्षा बैठक लेने का सिलसिला शुरू कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि जन-कल्याणकारी कार्यक्रम का क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता रखें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों की दिक्कतें दूर करने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें। लोकसभा निर्वाचन के बाद अब शासन की योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार तेजी से काम कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना जैसी अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन पर तैयारी शुरू कर दी गई है। राजस्व प्रशासन को भी मजबूत किया जा रहा है। भूमि संबंधी विवादों और दिक्कतों को दूर करने के लिए भू-नक्शों की जियो रिफरेंसिंग पर भी रणनीति तैयार कर ली गई।



### तेन्दूपत्ता संग्रहण दर अब 55 सौ रूपए

राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर अब 55 सौ रुपए प्रति मानक बोरा कर दी गई है। चालू तेंदूपत्ता सीजन से ही 12 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को योजना का लाभ मिल रहा है। संग्राहकों के लिए राज्य सरकार द्वारा चरण पादुका योजना भी शुरू की जाएगी, साथ ही उन्हें बोनस का लाभ भी दिया जाएगा।

### पांच शक्तिपीठों का होगा विकास

राज्य की 5 शक्तिपीठों के विकास के लिए बजट में 5 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। शक्तिपीठों के विकास के लिए चारधाम की तर्ज पर 1000 किलोमीटर की परियोजना शुरू की जाएगी। ग्रामीण घरों को नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### गरीबों के लिए मुफ्त राशन

छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय लिया है। इसके लिए बजट में 34 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए भी बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है।



# शक्कर कारखाना मेंटेनेंस कार्य में बुलाने श्रमिक कल्याण संघ ने सौंपा ज्ञापन

- प्रबंध संचालक-महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया शक्कर कारखाना में सत्र 2024-25 पेराई सीजन की तैयारी को लेकर सभी विभाग में साफ–सफाई, मशीन सुधार बहुत सारे काम लिया जाता है, जिसे मेंटनेश कार्य कहा जाता हैं, जिसमें पूर्व में जो विभाग श्रमिक मेंटेनेंस में काम किया है उन सभी श्रमिक को जिस दिन कार्य में बुलाते हैं तब उनके विभाग में सबको एक साथ बुलाया जाए, जिसको लेकर प्रबंध संचालक-महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें गन्ना पेराई सत्र समाप्त होता है, उसके पश्चात सभी श्रमिक का पैड ऑफ कर दिया जाता हैं जब मेंटनैश का काम चालू होता है तब बुलाया जाता है, लेकिन इस वर्ष मैंटनेश कार्य शुरू नहीं हुआ है, उसके पहले जो कभी मेंटनेश कार्य में नहीं किया है, उसको बुला लिया गया है जो एक मनमानी रवैया और श्रमिक प्रताड़ना शोषण को दिखाता है। जैसे ही पेराई सीजन समाप्त होता है उसके बाद करीब 110-120 लोगों काम में आते हैं जिसमे संविदा कर्मकार, भूमि अधिग्रहण, ठेका श्रमिक सब मिलाकर कर होते हैं, लेकिन 120 लोगों का पेमेंट बनाने के लिए टाइम कार्यालय में 5-6 लोगों कार्य में बुला रहे हैं इसके पहले टाइम कार्यालय के एचओडी अकेले बना लेते थे अब 5-6 लोग मिलकर बना रहे हैं ये भी मनमानी को दर्शाता हैं तथा पेराई सीजन में पेराई के लिए बाहरी कंपनी को टेंडर दिया जाता था वह सीजन तक निविदा रहता था, जैसे ही पेराई सीजन समाप्त होता था उसके बाद बाहरी कंपनी जैसे (कैस्टेक, ग्लोबल, ओम इंटरप्राइजेश) निविदा खत्म जो जाता था, लेकिन इस वर्ष पेराई के बाद भी बाहरी कंपनियों का व्यक्ति को बेफिजूल अभी तक उनको कार्य पर रखा गया है जो कई तरह के संकेत को दर्शाता हैं जो कारखाना को नुकसान की ओर ले जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोपी को दामापुर पुलिस ने दबोचा

**हरिभूमि दामापुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव व थाना प्रभारी महेश प्रधान व चौकी प्रभारी विमल लावनिया द्वारा नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को ग्राम पवरजली से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रार्थी द्वारा बुधवार को पुलिस चौकी दामापुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी अनिल राजपूत पिता लुकन राजपूत नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानीं किया गया। जिस पर पुलिस चौंकी दामापुर थाना कुण्डा द्वारा अपराध क्रमांक 110/24 धारा 354 भादवी 08 पोक्सो एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में विमल लावनीया, भुवनेश्वरी साहू, निर्मल सिंह, बलदाऊ, रघुनदन चंद्रवंशी, दिलीप लहरे, हेमंत चंद्रवंशी शत्रुहन पटेल व दुर्गा लहरे का सराहनीय योगदान रहा।

# चबूतरा बनाकर छोड़ा, विभागीय अधिकारी व जिम्मेदार हाईमास्ट लाइट लगाना भूले, ग्रामीण परेशान

- गांव की चौंक चौराहों में पसरा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरबसपुर, बीजाझोरी, जेवड़न खुर्द, बाझीमौहा, सारंगपुर खुर्द व डबराभाट में सौर ऊर्जा योजना अंतर्गत हाईमास्ट लाइट का चबूतरा बनाकर छोड़ देने से समझा जा सकता हैं कि विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदार की भारी उदासीनता का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार पिछले पांच-छः महिने पहले हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए सौर ऊर्जा के अंतर्गत चबूतरा निर्माण गांव के चौक-चौंराहों में किया गया हैं। जो अब तक जिम्मेदार व विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते हाई मास्ट लाइट नहीं लग पाया है जिसके चलते चबूतरा शोपीस की तरह बनकर खड़ा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा हाईमास्ट लाइट लगाने कि मांग की गई ताकि गांव के गली-मोहल्ले तथा चौक चौंराहा रोशन हो सकें तथा ग्रामीणों व रहवासियों को अंधेरा से राहत मिल सकें।

# शिक्षिका विधि तिवारी ने रायपुर में विद्यार्थियों को दी मीडब्रेन एक्टिवेशन ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में शिक्षिका विधि तिवारी जो की सरकारी शिक्षिका हैं उनको यहां पर नव गुरुकुल में कलेक्टर द्वारा मीडब्रेन एक्टिवेशन ट्रेनिंग देने हेतु आमंत्रित किया गया। जिसमें की शिक्षिका विधि तिवारी ने डांस ब्रेन गेम ध्यान म्यूजिक के माध्यम से छात्र छात्राओं में यह ट्रेंनिंग 6 दिवसीय दी गई, जिसमें उनका छः दिवसीय ट्रेनिंग में ही बहुत अच्छे परिणाम देखने को मिले।



जिसमें कुछ विद्यार्थियों का कहना है कि उनकी जो ओवरथिंकिंग थी और ध्यान पढ़ने में नहीं लगता था या उनका मन दूसरों पर ज्यादा लगता था और एकाग्रता में जो कमी थी उसमें उन्होंने बहुत अच्छा सुधार देखा और बच्चों द्वारा भी यह पाया गया कि उनको अभी अनुभव हुआ कि इससे उनकी यह सारी तकलीफों से निजात मिली अतः यह कार्य जो है जिससे बच्चों को बहुत अच्छे स्तर में सुधार देखा जा रहा है तो यह कहा जा सकता है कि अगर 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों में भी जिस तरीके से अगर यह ट्रेनिंग दी जाए तो जो बच्चे परेशान होते हैं बहुत ज्यादा सोचते हैं तो इन सब चीजों से निजात पाने का यह काफी मिल का पत्थर का काम करेगा।

उनके द्वारा यह कार्य काफी सराहनी है और जब उनसे आगे यह पूछा गया कि उनका इस ट्रेनिंग को लेकर आगे क्या सोचना है तो उनका मानना है कि इससे पहले प्रोजेक्ट की तरह शुरू करते हुए, जिले की शिक्षकों को देते हुए यह कार्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं ताकि सारे विद्यार्थियों को सॉल्यूशन मिले उनका हल मिले समस्याओं का और उसके साथ-साथ वह ध्यान ब्रेन गेम योग इन सब के महत्व को समझे और इतना ही नहीं जो बच्चे जिनका काफी क्रोध आता है या किसी प्रकार की कोई परेशानी है इन ट्रेनिंग से उससे निजात कहीं तक पाया जा सकता है।

# क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपो का फीता काटकर मनहरण कौशिक ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

देश के विभिन्न प्रांतों से अलग-अलग प्रकार के आइटम लेकर एक ही छत के नीचे क्राफ्ट इंडिया एक्सपो सरदार पटेल मैदान में लगाया गया है, जिसका शुभारंभ गुरूवार को शाम 7 बजें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने फीता काटकर किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, मनीराम साहू व रामविलास चंद्रवंशी उपस्थित थें। नपाध्यक्ष श्री कौशिक ने बताया कि क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपों शहरवासियों के लिए खरीददारी का एक अच्छा मौका होता है, जिसका शहर सहित आसपास के क्षेत्र के आम नागरिक गणों को लाभ उठाना चाहिए, क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपों के संचालक संदीप कुमार ने बताया कि संपूर्ण भारत से हजारों प्रकार की विभिन्न वस्तुओं की बिक्री एवं प्रदर्शनी पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सें सिल्क साडी, खादी ग्रामोद्योग, वस्तुए, वुडन फर्नीचर, लखनवी किचन, ब्रॉस मार्बल, हैडीक्राफ्ट, किचन वेयर, ज्वेलरी राजस्थानी, गुजराती, कशमीरी, बैड सिट, चप्पल कुर्ता, पैजामा, पेन्ट शर्ट, टी-शर्ट, फैन्सी चुडी, लेडिज पर्स, कॉटन बैग, क्रॉकरी, उपलब्ध है। उद्घाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। वहीं क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपों प्रदर्शनी 13 जून से 10 जुलाई तक सरदार पटेल मैदान में भव्य प्रदर्शनी व बिक्री शहरवासियों के लिए शुभारंभ किया गया है।

# चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला प्रकोष्ठ की परिचर्चा बैठक संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** चंद्रननाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला प्रकोष्ठ का बैठक का बुधवार को उपक्षेत्र विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला में आयोजित किया गया। जिसमें चंद्रनाहु समाज द्वारा लागू सामाजिक नियमावली 13 बिंदुओं को अमल करने हेतु विस्तार पूर्वक परिचर्चा किया गया एवं उपस्थित सभी मातृशक्ति नियमावली को अमल करने तथा अपने-अपने रिश्तेदार को प्रेरित का शपथ लिया गया। बैठक में उपस्थित मातृशक्ति द्वारा अपना-अपना विचार खुलकर रखा गया, जिसमें शादी-विवाह में पार्टी को बंद करने का प्रस्ताव विशेष रूप से रखा गया, क्योंकि आजकल की स्थिति में समाज के लिए यह सब बंद करना बहुत जरूरी है, समाज को इस नियम को रीति-रिवाज के अनुसार जो चल रहा है उसको बंद कर एक नया आज की स्थिति के रूप में लागू किया जाए एवं साधारण कार्यक्रम किया जाए, यह समाज के लिए बेहतर होगा। बैठक में सभी महिलाओं द्वारा विशेष रूप से सहमति भी मिला और इस योजना को बंद करने के लिए समाज तक प्रेरित करेंगे। जिसमें मुख्य रूप से महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेखा चंद्रवंशी कवर्धा राज के मार्गदर्शन पर यह कार्यक्रम संपन्न हुआ, बैठक में विशेष रूप से श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कवर्धा राज, चित्ररेखा चंद्रवंशी अध्यक्ष उपक्षेत्र, उमा चंद्रवंशी सचिव, संतोषी चंद्रवशी, शारदा चंद्रवंशी, प्रमिला चंद्रवंशी, लक्ष्मी चंद्रवंशी एवं ग्राम मोहतरा कला की बुद्धजीवी मातृशक्ति उपस्थित थें।

**तीन दिवसीय बेसबॉल स्पर्धा संपन्न, खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

# बेसबॉल प्रीमियर लीग की चैम्पियन रही ईगल टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा द्वारा तीन दिवसीय बेसबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन 11 से 13 जून तक नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में किया गया। जिसमे टीम मियामी, ईगल, पैंथर्स और बुल्स बेसबॉल ये चार टीमों के बीच बेसबॉल खेला गया जिसमे लीग मैच में सबसे ज्यादा मैच जीतकर पॉइंट टेबल में टॉप पर रहें। टीम मियामी और ईगल के बीच पहला क्वालीफायर मैच हुआ टीम मियामी ने अपने शानदार प्रदर्शन से ईगल टीम को 04-01 से हराकर सीधा फाइनल में प्रवेश किया।



वही एलिनमेटर राउंड में टीम पैंथर्स विरुद्ध बुल्स के बीच खेला गया, जिसमे पैंथर्स की टीम ने अपने शानदार हिटिंग और पिचिंग के प्रदर्शन से मैच अपने नाम किया और सीधे क्वालीफायर राउंड में प्रवेश किया जहा उनका मुकबला ईगल टीम के साथ हुआ जिसमे ईगल टीम ने पैंथर्स टीम को 03-01 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वही फाइनल मैच फिर से मियामी विरुद्ध ईगल के बीच खेला गया, जो बहुत कड़ा मुकबाला रहा टीम ईगल ने टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का फैसला किया और पिंटू सिन्हा ने शानदार पिचिंग करते हुए पहले इनिंग में मियामी टीम को शून्य में आउट किया। वही ईगल टीम ने जवाब में 02 रन बनाए पहले इनिंग में दूसरा इनिंग में ईगल टीम ने मियामी को फिर से शून्य में आउट किया और फिर से ईगल टीम ने एक रन बनाने में कामयाब रहे इसके साथ ही तीसरे इनिंग में मियामी टीम ने एक रन बनाया। उसके बाद ईगल टीम के पिचिंग और पंकज मेरावी द्वारा शानदार फिल्डिंग करके मियामी टीम को आउट कर दिए और इस बेसबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के चैंपियन बने साथ ही उपविजेता मियामी टीम रही तीसरे स्थान पर पैंथर्स की टीम ने बाजी मारी। वही प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब पंकज मेरावी को दिया गया, जिन्होंने पूरे इस प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और बेस्ट हिटर का अवॉर्ड अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी किशन महानंद को दिया गया, जिन्होंने दो होम रन मारा है वही बेस्ट पिचिंग अवॉर्ड गगनदीप साहू को बेस्ट कैचिंग अवॉर्ड प्रकाश यादव, बेस्ट फिल्डर अवॉर्ड मो.तस्लीम आरिफ एवं बेस्ट अनुशासन खिलाड़ी का अवॉर्ड भूपेंद्र गड़ेवाल को दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजा पीयूष टाटीया, अध्यक्षता जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सुनील साहू, अशोका पब्लिक स्कूल प्राचार्य लोकनाथ देवांगन, मन्नू चंदेल, अभिषेक मिश्रा, हर्ष खुराना, विकास यादव द्वारा प्रतियोगिता के विजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल देकर पुरुस्कृत किया गया।

मुख्य अथिति राजा पीयूष टाटीया ने बताया कि कवर्धा जिले में बेसबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है, इस बार भी इस सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई दिए साथ ही उन्होंने बताया की बेसबॉल खेल हमारे जिले का नर्सरी बन गया है यहां के खिलाड़ी प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो रहे है और पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन कर रहे है जो हम सब के लिए गौरव की बात है साथ ही किसी भी प्रकार की सुविधा के लिए हर संभव मदद करने की आश्वासन दिए इसी के साथ अथितियो के द्वारा हिटिंग करके इस खेल का आनंद लिए और मैच के नियमो जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071